हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 19 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के वार्षिक टेक फेस्ट, टेक इन्वेंट-2024 का उद्घाटन किया। जो पूरे देश से युवा प्रतिभाओं को सृजन और नवाचार के लिए एक साथ लाता है।राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित टेक इन्वेंट-2024 जैसे तकनीकी कार्यक्रम एक जीवंत राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इस तरह के टेक फेस्ट बातचीत और सहयोग को बढ़ावा देने और विभिन्न क्षेत्रों में उभरते रुझानों पर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करने में मदद करते हैं।राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत हर महत्वपूर्ण क्षेत्र में तकनीकी उन्नति और उन्नयन का अधिकतम लाभ उठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा तक, रक्षा से लेकर कृषि तक, तकनीकी हस्तक्षेप के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे न केवल अधिक रोजगार पैदा हो रहे हैं, व्यापार बढ़ रहा है, बल्कि लोगों को अपना जीवन आसान बनाने में भी मदद मिल रही है।राज्यसभा सदस्य और चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू ने कहा कि शिक्षा के तीन प्रमुख घटक हैं जिनमें पाठ्यक्रम, सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियाँ शामिल हैं। ये सभी समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन मेरा मानना है कि सह-पाठ्यचर्या गतिविधियाँ एक छात्र के भविष्य को आकार देने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

****

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा शपथ ग्रहण के दिन 24 हज़ार युवाओं को ग्रुप सी व डी के विभिन्न पदों पर भर्ती का वादा निभाया गया है।सरकारी नौकरी पाने वाले युवा जहां नौकरी मिलने पर उत्साहित हैं वहीं वे मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की सरकार का आभार भी जता रहे हैं। नौकरी पाने वाले युवाओं ने

हमारे संवाददाताओ से बातचीत में बताया कि उन्हें बिना पर्ची व खर्ची के नौकरी मिली है।

पटवारी के पद पर चयनित एक युवती ने कहा:

एक युवक ने बताया कि क्लर्क की नौकरी मिलने से उसके परिवार को बहुत राहत मिली है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की खरीफ फसलों का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल तक मंडियों में 30 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 25 लाख 55 हजार 319 मीट्रिक टन धान की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी खरीदी गई धान के लिए 3 हजार 56 करोड़ रुपये का भुगतान सीधा उनके खातों में कर दिया गया है। मंडियों से 13 लाख 90 हजार 199 मीट्रिक टन धान का उठान भी कर लिया गया है।श्री नायब सिंह ने कहा कि मौजूदा खरीफ सीजन के दौरान अब तक मंडियों में 3 लाख 47 हजार मीट्रिक टन बाजरे की आवक हुई है, जिसमें से 3 लाख 5 हजार मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मंडियों से 1 लाख 14 हजार 358 मीट्रिक टन बाजरे का उठान कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बाजरा खरीद के लिए किसानों को अब तक 331 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे उनके खातों में किया गया है।पराली जलाने की घटनाओं के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस विषय को लेकर प्रदेश के किसानों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा लगातार किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है और पराली प्रबंधन के लिए सब्सिडी पर विभिन्न उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं, ताकि पराली जलाने की घटनाओं पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।